कोदाझिरी में रेत माफिया का कहर

50-60 डंपर अवैध भंडारण, बिजली लाइन तोड़ गांव को अंधेरे में झोंका, खनन माफियाओं की दबंगई, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

कुरई नवभारत। जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत सेटेवानी के ग्राम कोदाझिरी में अवैध रेत भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक खेत में करीब 50 से 60 डंपर रेत डंप किए जाने की जानकारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, यह रेत बिना किसी शासन अनुमति (परमिशन) और रॉयल्टी के अवैध रूप से जमा की जा रही है। जिस खेत में रेत का भंडारण किया गया है, वह आकाश कुमार नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है।

मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफियाओं ने अवैध परिवहन और भंडारण के दौरान विद्युत विभाग की लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे पूरे गांव में अंधेरा छा गया। बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इस घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्रशासन की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इतनी बड़ी मात्रा में रेत का खुलेआम भंडारण और अब बिजली लाइन तोड़े जाने जैसी घटनाएं प्रशासनिक अमले और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि अवैध रेत भंडारण की तत्काल जांच कराई जाए। बिजली लाइन तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही गांव की विद्युत व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए एवं क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रोक लग सके। कोदाझिरी में रेत माफियाओं की यह करतूत न सिर्फ कानून व्यवस्था, बल्कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं पर भी सीधा हमला है। अब देखना होगा प्रशासन कब तक खामोश रहता हैं

इनका कहना है

कुरई तहसीलदार के संज्ञान में बात लाई गई। वही तहसीलदार द्वारा बोला गया कि खनिज विभाग के साथ मिलकर तत्काल कार्रवाई की जायगी

शनि पाल परतेती
तहसीलदार

नदी-नालों का बेरहमी से दोहन जारी

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रेत माफिया लगातार नदी-नालों की छाती चीरकर भीषण गर्मी के बीच धड़ल्ले से खनन कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शासन-प्रशासन इस पूरे मामले में कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर हमेशा की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

घर पर की गई पत्थरबाजी, एफआईआर दर्ज

ढाबा संचालक के साथ खाने को लेकर हुआ विवाद

छपारा नवभारत। विगत 21 मार्च शनिवार को रात्रि लगभग 12 बजे नगर के एन एच 44 फोरलेन बायपास चौराहा के समीप स्थित ढाबा पर ढाबा संचालक और आधा दर्जन भर युवक के बीच कहा सूनी हो गई जो घर पर पत्थर बाजी और ढाबा संचालक से मारपीट करने तक पहुंच गई उक्त घटना की शिकायत छपारा पुलिस थाना में पीड़ित परिवार द्वारा की गई वहीं दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला नगर के जबलपुर की ओर एन एच 44 फोरलेन बायपास रोड चौराहा स्थित ढाबा का है जहां शनिवार को रात्रि लगभग 12 बजे 7 की संख्या में युवक पहुंचे जो 6 नगर के एवं 1 युवक मठ मंदिर क्षेत्र का निवासी है पीड़ित ढाबा संचालक प्रद्युम्न सिंह ठाकुर ने छपारा पुलिस थाना छपारा में एफआईआर कराई जिसके अनुसार उक्त युवकों द्वारा ढाबा संचालक से खाना के लिए मांग की गई वहीं ढाबा संचालक द्वारा बताया कि अभी खाना ख़त्म हो गया और नहीं मिल पाएगा और इसी तरह विवाद बढ़ा और युवकों ने गन्दी गालियां दी गई और ढाबा संचालक से खाना और पैसे की मांग करने लगे वहीं मारपीट कर ढाबा नहीं चलाने देने की धमकी दी गई वहीं शनिवार रात लगभग डेढ़ बजे आरोपी युवक चार चौपहिया वाहनों से लालमाटी स्थित निवास पर पहुंचे और ढाबा संचालक के घर पर पत्थर बाजी की वारदात को अंजाम दिया गया वहीं पीड़ित परिवार से आवेदक प्रद्युम्न सिंह ठाकुर द्वारा रिषभ बोरकर संजय कॉलोनी, अस्सू शेख संजय कॉलोनी,नमन नाग जायसवाल कालोनी ,नियाज खान जामा मस्जिद कालोनी, आर्यन अग्रवाल झंडा चौक, साजिद खान तकिया वार्ड सभी छपारा निवासी और अनिकेत राठौर मठ मंदिर क्षेत्र सिवनी निवासी पर नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है छपारा पुलिस द्वारा उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में जुट गई है।

एक नजर में

आज सिवनी पहुंचेगी सरदार पटेल एकता यात्रा

सिवनी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री व गृहमंत्री भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के महानायक लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के प्रतीक चिन्हों को लेकर ''सरदार पटेल एकता यात्रा'' भारत भ्रमण पर गुजरात से प्रारंभ हुई है। जो कि छिन्दवाड़ा की ओर से दिनांक 23 मार्च 2026 दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे सिवनी नगर की सीमा में प्रवेश करेंगी, जगह जगह स्वागत सत्कार के पश्चात यात्रा 12 बजे कचहरी चैक पंहुचेगी, जहॉ पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा सरदार पटेल एकता यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेंगा। तदोपरांत यात्रा अपने अगले गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, विधायक, पूर्व विधायक गण, नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, सभी मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभाग के अध्यक्षो एवं पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं तथा कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि गणो सहित सभी कांग्रेस जनों से अपने साथी सहयोगियो सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अपील की है।

कवि सम्मेलन में पहुंचेंगे शायरा शबीना, अदील व प्रियांशु

सिवनी। भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के अवसर पर दिगम्बर जैन समाज सिवनी द्वारा 30 मार्च को शाम 8 बजे से गांधी चौक में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गंया है इस मैं कवि बाराबंकी से हास्य कवि डा,प्रियांशु गजेंद्र कानपुर से गीत ग़ज़ल, शाबीना अदीब ,भोपाल से वीर रस के अभय निर्भीक उत्तरप्रदेश से हास्य कवि सौरभ जायसवाल मध्यप्रदेश के हास कवि विकास वैरागी जबलपुर से कति जैन गीत गजल,डा,रामकुमार चतुर्वेदी गीत प्रस्तुत करेंगे आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

नृत्य करते हुए महिलाओं ने किया गणगौर विसर्जन

सिवनी। नगर में अग्रवाल समाज तथा राजस्थानी परिवारों ने गणगौर का त्यौहार पूर्णत धार्मिक व सामाजिक परंपरा अनुसार भव्यता के साथ किया जा रहा है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 4 से 20 मार्च तक शिव (इसर) पार्वती (गौरा) की मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का प्रतिदिन विधिवत पूजन नवविवाहिता सहित महिलाओं द्वारा किया गया। अंतिम दिवस 21 मार्च की शाम प्रतिमाओं का विसर्जन शोभा यात्रा आकर्षक झांकियों के साथ दुर्गा चौक मंदिर से निकाली गई। शोभा यात्रा में पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। नवविवाहिता बेटियां सोलह श्रृंगार के साथ शामिल हुई। झांकियों के साथ सजी गणगौर की भव्य शोभा यात्रा नगर में दुर्गा चौक, नगर पालिका चौराहा से मंगलीपेठ होते हुए मठ मंदिर परिसर में विसर्जन के साथ समाप्त हुई। पूरे मार्ग में हर्ष उल्लास मय वातावरण बैंड बाजों व डीजे पर राजस्थानी गीतों में महिलाओं व युवतियों ने आर्कषक नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में सभी मर्तियों का मठ मंदिर परिसर में बने कुंड में विसर्जन किया गया। मठ मंदिर परिसर में अग्रवाल समाज ने पंडाल लगाकर बैठने पीने के पानी आइस्क्रीम आदि की व्यवस्था की थी। पुलिस प्रशासन ने जुलूस मार्ग में यातायात को सुगम बनाने रखने की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखा।

5 .25 करोड़ की लागत से बनेगा नया जनपद पंचायत भवन

घंसौर में 'अटल सुशासन भवन' का भूमि पूजन

घंसौर नवभारत। सिवनी जिले के घंसौर में रविवार को 'अटल सुशासन भवन' के रूप में बनने वाले जनपद पंचायत भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल शामिल हुए। जनपद पंचायत घंसौर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर 'अटल सुशासन भवन' के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

मंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 'अटल सुशासन भवन' का निर्माण 5 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी तथा आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए लगातार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है। यह भवन क्षेत्र के विकास में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जाए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए भवन परिसर के आसपास वृक्षारोपण करने की बात कही, ताकि परिसर को हरित और स्वच्छ बनाया जा सके।

नकारात्मकता समाप्त होती है भगवती की कथा श्रवण से : हितेंद्र शास्त्री

सिवनी नवभारत। विकासखंड केवलारी अंतर्गत ग्राम पिपरिया (साठई) गांव में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवी कथा के अंतिम दिन सामूहिक हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। कथा के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। गांव में हर ओर भक्ति गीत, जयकारों और हरि नाम के संकीर्तन से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा।

ग्राम पिपरियाकला (साठई-केवलारी) में चल रही श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ-चंडीयज्ञ में कथा व्यास आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी मातृधाम ने उपस्थित श्रद्धालुजनों से कहा कि श्रीमद् देवी कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली दिव्य साधना है। जब मनुष्य भगवती की कथा सुनता है तो उसके भीतर की नकारात्मकता समाप्त होकर भक्ति और सदाचार का प्रकाश फैलता है।

जिला गुरू संघ की बैठक आयोजित, टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता पर जताया विरोध

सिवनी नवभारत। 22 मार्च रविवार को ज़िला गुरुजी संघ सिवनी की बैठक रखी गई, जिसमें वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 2010के पहले के नियुक्त सभी शिक्षकों को TETपरीक्षा देना अनिवार्य किया गया है, प्रदेश के गुरुजी संवर्ग के साथी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है,फिर भी गुरुजी को पुन: परीक्षा में शामिल किया जाता है,तो संघ इसका कड़ा विरोध करता है,साथ ही आगामी समय में शिक्षक सयुंक्त संघर्ष मोर्चा के साथ गुरुजी संघ

सिवनी भी सहयोग करेगा, आज की बैठक में जिला संयोजक संजय गढ़ेवाल अवशेष कुमार मिश्रा, हितेन्द राय,योगेन्द्र साहू, सुमित्रा राय,योगिता राय,दुर्गेश बिसेन, गीता डोंगरे, रामकिशोर शिव दिनेश सूर्यवंशी, शिवप्रसाद परते,शिवलाल उइके, छोटेलाल उइके, शयाम उइके, प्रेमनारायण सराठे, ओमकार गजभिये,श्री राम ककोड़िया, श्याम सरयाम,चेतराम मर्सकोले, उपस्थित रहे, संघ ने सभी गुरुजियो से अपील की है कि24/3/2026दिन मंगलवार को अधिक से अधिक संख्या मे दोपहर एक बजे अंबेडकर चौक सिवनी मे उपस्थित होवें,

सिवनी में पशुचारा संकट की आशंका भूसा निर्यात पर रोक लगाने की मांग

सिवनी नवभारत। पशुधन की बड़ी संख्या और संचालित गोशालाओं को देखते हुए पशुचारा एवं भूसे की संभावित कमी को लेकर चिंता जताई गई है। इसी संदर्भ में दयोदय जीव रक्षा संस्थान एवं दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा जिले से बाहर भूसा निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई है। संस्थाओं का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में यदि भूसे का निर्यात लगातार जारी रहा, तो आने वाले समय में जिले के भीतर पशुओं और गोशालाओं के लिए चारे की कमी उत्पन्न हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए 31 जुलाई तक जिले से बाहर भूसा भेजने पर रोक लगाने की आवश्यकता बताई गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर पशुचारा की उपलब्धता बनी रहे। प्रस्ताव में निर्यात नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का हवाला देते हुए प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कदम उठाने की मांग की गई है। संस्थाओं के पदाधिकारियों का मानना है कि समय रहते निर्णय लिया गया तो पशुधन संरक्षण और गोशालाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। इस संबंध में दयोदय जीव रक्षा संस्थान के सचिव नीरज जैन और दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष पवन दिवाकर ने संयुक्त रूप से प्रशासन से हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है। अंत में जीव दया के संदेश को दोहराते हुए समाज के लोगों से भी पशुओं के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की गई है।

ठेकेदारों के कौशल उन्नयन को बढ़ावा दे रहा एसीसी

सिवनी में ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण के माध्यम से मिल रही जानकारी

सिवनी नवभारत। विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और तेजी से बढ़ती बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी, हैंड्स-ऑन तकनीकी प्रशिक्षण और संरचित जुड़ाव के माध्यम से मध्य प्रदेश में ठेकेदारों के विकास को गति दे रही है। सिवनी जिले में ठेकेदार संतोष उक्के की यात्रा यह दर्शाती है कि ज्ञान साझा करने और जमीनी स्तर के हस्तक्षेपों से वास्तविक व्यावसायिक परिवर्तन संभव है।

संतोष उक्के ने 16 वर्ष की उम्र में दैनिक मजदूर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने चार वर्षों तक राजमिस्त्री का कार्य सीखा और फिर स्वतंत्र ठेकेदारी शुरू की। लंबे समय तक वे पारंपरिक तरीकों और सीमित जानकारी के साथ काम करते रहे, जब तक कि उनका संपर्क एसीसी के तकनीकी अधिकारी से नहीं हुआ।

इसके बाद उन्हें एसीसी की एक कार्यशाला में आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने अपने कार्य निष्पादन की गुणवत्ता सुधारने, सही प्रोजेक्ट रेफरेंस तैयार करने और कंपनी की तकनीकी सेवाओं का बेहतर उपयोग करने के तरीके सीखे।

एसीसी के सहयोग से संतोष ने बेहतर निर्माण प्रथाओं को अपनाना शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अधिक प्रोजेक्ट मिलने लगे, कार्य गुणवत्ता में सुधार हुआ और प्रति वर्ग फुट दर में वृद्धि हुई, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। वे एसीसी की विभिन्न पहलों से लगातार लाभान्वित हो रहे हैं, विशेष रूप से कॉन्ट्रैक्टर पासपोर्ट कार्यक्रम से, जिसने उन्हें तकनीकी पहचान और सामुदायिक विश्वसनीयता दोनों बनाने में मदद की है।

संतोष उक्के की कहानी एसीसी की जमीनी स्तर पर परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कौशल विकास को सक्षम बनाकर, निर्माण संबंधी ज्ञान को मजबूत कर और दीर्घकालिक संबंध स्थापित कर, एसीसी सिवनी जैसे जिलों में ठेकेदार पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सशक्त बना रहा है।

आज जिला कांग्रेस मनायेगी अमर शहीदों का शहीद दिवस

सिवनी नवभारत। स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू, सूखदेव जी का शहीद दिवस 23 मार्च 2026 दिन सोमवार को दोपहर 1.30 बजे, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, विधायक, पूर्व विधायक गण, नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, सभी मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभाग के अध्यक्षो एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं तथा कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण एवं सभी कांग्रेस जन से उपस्थिति हेतु अपील की है।

समारोह श्रमजीवी पत्रकार संघ का परिचय पत्र वितरण समारोह आयोजित, पत्रकारिता राष्ट्र का चौथा स्तंभ है इसके महत्व को समझना जरूरी : मनोज

पत्रकारिता आसान नहीं बल्कि कांटो भरा ताज है : दिनेश राय

सिवनी नवभारत। पत्रकारिता आसान नहीं बल्कि काटो भरा ताज है समाचारों के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं वे इस क्षेत्र में सफल होते हैं राष्ट्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता को माना गया है इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है लेकिन यह अधिकार हमें सेवा के लिए दिया गया है ना की आर्थिक उपार्जन के लिए है किसी भी संस्था का परिचय उसके दिए गए कार्ड से नहीं बल्कि उसे संस्था के कार्यों और वहां के आचार विचार से होता है श्रमजीवी पत्रकार संघ एक ऐसी संस्था है जिसका में आजीवन सदस्य हूं और संस्था से प्रभावित रहा हूं भविष्य में मेरे लायक जो भी कम होंगे वह करने का प्रयास करूंगा उक्त उद्गार मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला स्तरीय परिचय पत्र वितरण समारोह के अवसर पर

बाहुबली लॉज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पीजी कॉलेज के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बाबा पांडे ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष अग्रवाल भी ऐसा अवसर पर शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य सकारात्मक होना चाहिए आपके कार्य देश के विकास में काम आ सके और इस राह में हम तभी सफल हो सकते हैं जब हम निस्वार्थ सेवा करते हैं आपको दिया जाने वाला यह परिचय पत्र का उद्देश्य यही है कि आप ऐसे कार्य करें जिससे आपकी संस्था एवं देश का नाम रोशन हो यह कार्ड आपको लाभ पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि सकारात्मक सोच को विकसित करने के लिए दिया जा रहा है हम उम्मीद करेंगे की

सभी सदस्य इस बात का ध्यान रखेंगे कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत मां के समक्ष आमंत्रित जनों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया कार्यक्रम का संचालन संजय जैन संजू द्वारा किया गया जबकि आभार व्यक्त संस्था के कोषाध्यक्ष संजीव क्रिडिया द्वारा किया गया

इस अवसर पर उपस्थित जनों में कृष्णा नंदन वात्री गोपाल चौरसिया श्याम सोनी आशीष गुप्ता विनोद दुबे नरेंद्र सोनी द्वारका श्रीवास्तव नीरज वर्मा संतोष नामदेव हरिओम सोनी संदीप विश्वकर्मा सुनील वंडेवार सतीश मिश्रा शुभम शर्मा मनोज मर्दन त्रिवेदी संजीव करिया संतोष दुबे नवाज खान जितेंद्र मिश्रा सहित अनेक लोग शामिल हुए शीघ्र ही आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाने का विचार रखा गया।

मिर्चीटोला में कोया पुनेम महोत्सव का समापन

गाजे-बाजे के साथ पुणेमाचार्य को दी गई विदाई

सिवनी नवभारत। जिले के ग्राम मिर्चीटोला में अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा मध्य प्रदेश एवं ग्राम कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय कोया पुनेम, गोंडी गाथा धर्म संस्कृति एवं साहित्य संगीतमय कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस आध्यात्मिक महोत्सव में समूचा क्षेत्र गोंडी संस्कृति और भक्ति के रंग में सराबोर रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर मुख्य वक्ता पुणेमाचार्य तिरु. सीताराम वरकड़े गुरुजी का समस्त मातृशक्ति, पितृशक्ति और विशाल जनसमुदाय द्वारा भाव-विभोर होकर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-बाजे की थाप और पारंपरिक धुनों के बीच हर्षोल्लास के साथ गुरुजी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस गरिमामय आयोजन में गोंडवाना समाज की समृद्ध

सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन धर्म दर्शन और साहित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष तिरु. चंदन लाल मर्सकोले एवं प्रदेश सचिव व कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश नरेती के कुशल मार्गदर्शन में इस महोत्सव ने सामाजिक एकता की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरपत सिंह परते ने की।

?आयोजन को सफल बनाने में बिरसिंह परते, हिम्मत सिंह परते, प्रिते सिंह उईके, चेतन नरेती, ताम सिंह गंजाम, ध्यान सिंह परते, दिनेश गंजाम, सुजान परते सहित ग्राम कमेटी के तमाम सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के समापन पर समस्त आयोजक समिति ने क्षेत्र से पधारे श्रद्धालुओं और सहयोगियों का हार्दिक वंदन करते हुए सेवा जोहार के साथ आभार व्यक्त किया। इस सात दिवसीय आयोजन ने समाज को अपनी जड़ों और गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।